


# अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा बन कमाए 18 करोड़ रुपए

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी ने रिलीज से पहले ही शोर मचा दिया है। अमिताभ बच्चन का अश्वत्थामा अवतार चर्चा से हटने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को कल्कि 2898 एडी का टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया। इसके साथ ही फिल्म और अमिताभ बच्चन 24 घंटे बाद भी खबरों में बने हुए हैं। कल्कि 2898 एडी के इस कुछ सेकंड के टीजर में अमिताभ अलग- अलग लुक दिखाए गए। इनमें उनका डी-एज्ड लुक सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रहा है। कल्कि 2898 एडी की लागत के साथ- साथ स्टार कास्ट को भी मोटी फीस दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिग बी ने कल्कि 2898 एडी में अपने किरदार के लिए लगभग 18 करोड़ रुपए वसूले हैं।

## लाइफ Style

# मानुषी

## बड़े मियां... के लिए खाना पड़ा नॉन वेज

एजेंसी ▶▶ मुंबई


फिल्मों के लिए आपने एक्टर्स को अपने लुक्स और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन करते देखा होगा, लेकिन मानुषी छिल्लर ने तो कुछ ऐसा किया जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं होगा। मानुषी जो हाल ही में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आई हैं।

मानुषी ने बताया कि वह बचपन से वेजीटेरियन थीं और कभी नहीं सोचा कि वह नॉन वेज खाएंगी, लेकिन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने उन्हें वेजिटेरियन से नॉनवेजिटेरियन बना दिया। मानुषी ने कहा, 'मैं हमेशा से वेजिटेरियन थी। मैंने हमेशा सोचा कि मैं कभी मीट नहीं खा पाऊंगी क्योंकि मैंने कभी खाया ही नहीं। इसके बाद आई बड़े मियां छोटे मियां। मैं किसी और फिल्म की शूटिंग कर रही थी और उस वक्त मुझे कोविड हो गया था।

मैं काफी डर गई थी कि क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वजन कम हो क्योंकि मुझे इस फिल्म के लिए स्ट्रॉन्ग बनना था। मेरे पापा जो डॉक्टर हैं उन्होंने फिर मुझे मीट खाने को बोला।'मानुषी ने कहा, 'मैंने पापा से कहा कि कुछ ऐसा बनाओ जो चिकन जैसा ना लगे। वह टेबल पर बैठते थे और मुझे देखते थे। वह जबरदस्ती मुझे पूरा खाने को बोलते थे।' मानुषी ने आगे बताया कि कैसे इस ट्रांसफॉर्मेशन ने उनकी मदद भी की शूटिंग में। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म की शूटिंग जोर्डन, स्कॉटलैंड, लंदन और स्कॉटलैंड में शूटिंग की और कई जगह में तो वेजिटेरियन ऑप्शन भी नहीं था तो इस वजह से मीट मेरे लिए आसान सोर्स था प्रोटीन के लिए।'



## हॉलीवुड मसाला




# सिविल वॉर ने कमाए 92 करोड़

**लॉस एंजिलिस।** 12 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई डिस्टोपियन थ्रिलर 'सिविल वॉर' ने अमेरिकन बॉक्स ऑफिस पर बवाल मचा दिया है। फिल्म ने इसके बाद रिलीज हुईं नई फिल्मों को भी कलेक्शन में पीछे छोड़ दिया है, जिनमें हॉरर मूवी 'एबिगेल' भी शामिल है। कर्स्टन डंस्ट स्टारर फिल्म की रफ्तार पहले हफ्ते में कुछ धीमी रही थी, लेकिन दूसरे वीकेंड में फिल्म ने गति पकड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ अमेरिका में सिविल वॉर नम्बर वन फिल्म बन गई है।



# 'मेट गोला' 2024 में हिस्सा नहीं लेंगी प्रियंका

**लॉस एंजिलिस।** ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह कभी निक के साथ, तो कभी बेटी मालती के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, कई बार वह अपनी आने वाली फिल्मों की अपडेट भी शेयर करती हैं। फिलहाल अब उनसे जुड़ी एक खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद उनके फैंस थोड़े निराश हो सकते हैं। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा ने अपनी नई डॉक्यूमेंट्री फिल्म टाइगर के प्रमोशन के दौरान बताया कि इस साल वह सबसे बड़े फैशन कार्यक्रमों में से एक मेट गाला में नहीं शामिल होने वाली हैं। साथ ही उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई।



# बर्फीली वादियों के बीच कराया फोटोशूट

**मुंबई।** खूबसूरत अदाकारा श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो बर्फ से ढंकी वादियों के बीच फोटोज क्लिक करवाती नजर आ रहीं हैं। श्रद्धा कपूर इन तस्वीरों में बेहद सिंपल लुक में दिखाई दे रहीं हैं। इस तस्वीर में श्रद्धा कपूर बर्फ से ढंके पहाड़ों के बीच कुछ ऐसे पोज देती हुई दिखाई दीं, जिन पर फैंस दिल हार बैठे हैं। वहीं इस दूसरी तस्वीर में श्रद्धा कपूर बैग टांगे पहाड़ों की सैर के लिए जाती हुई दिखाई दे रहीं हैं। एनिमल लवर श्रद्धा कपूर एक डॉगी के साथ कुछ ऐसे प्यार जताती हुई नजर आईं। श्रद्धा कपूर ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए इन्हें कैप्शन दिया - किसकी मजाल है मुझे पहाड़ों से वापस ले जाए???। श्रद्धा कपूर की इन तस्वीरों पर उनके लाखों फैंस - ब्यूटीफुल लोकेशन, नेचर,परफेक्ट और इन तस्वीरों से प्यार हो गया जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।



# आज भी मम्मी से पिट जाते हैं विक्की

**मुंबई।** बॉलीवुड के हैंडसम एक्टर विक्की कौशल फिल्मों के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियां बटोरते रहते हैं। ऑफस्क्रीन कटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी जितनी पसंद की जाती है, फैमिली के साथ विक्की के बॉन्ड को भी उतना ही प्यार मिलता है। हाल ही में विक्की कौशल ने भाई सनी कौशल के साथ 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शिरकत की। इस शो में दोनों भाइयों ने कॉमेडी पर ठहाके लगा कर मस्ती करने के साथ ही एक दूसरे की पोल भी खोली। इसी के साथ विक्की कौशल ने मजाक-मजाक में अपने पेरेंट्स के बारे में बात की। 'सैम बहादुर' एक्टर विक्की कौशल ने कपिल के कुछ फनी सवालों का जवाब देने के साथ ही बताया कि वह अपनी मां से बहुत मार खा चुके हैं। विक्की के इतना कहते ही सनी बताते हैं कि वह आज भी मार खाते हैं।

## टीवी मसाला





# उसने मुझे रात को 3 बजे घर बुलाया और फिर...'

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 2' फेम और झलक दिखला जा 11 की विनर मनीषा रानी आज एक जाना माना नाम हैं। मनीषा बिग बॉस के बाद काफी सुर्खियों में आ गई हैं। इस शो से उन्हें इंडस्ट्री में एक नई पहचान मिली है। मनीषा रानी ने हाल ही में अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कई सारी बातें पर से पर्दा उठाया। इसी के साथ ही मनीषा ने बताया कि वो कास्टिंग काउच का शिकार हो चुकी हैं और वो भी बिग बॉस के नाम पर। मनीषा ने कहा, 'एक बार वो एक शख्स से मिली थी जिसने उन्हें बताया था कि वो बिग बॉस की टीम का है। 'मैं एक बार जब 4-5 दिनों के लिए अपने घर बिहार गई थी। उसी टाइम उसने मुझे फोन किया और बोला कि तुम अभी आ जाओ मुंबई। उसकी बात सुनने के बाद मैं तुरंत टिकट करा कर मुंबई आई की मेरा तो बिग बॉस होने वाला हे। एक बार जब उसने मुझे रात को तीन बजे कॉल किया और बोला कि मेरे घर आ जाओ। तो हमने उसको बोला कि हम घर तो नहीं आएंगे। इसके बाद वो मेरे पर चिल्लाने लगा। ये सब देखकर में बहुत रोई थी।'

## शादी के 3 दिन पहले ही ससुराल जाने से घबराईं आरती...

**मुंबई।** गोविंदा की भांजी और कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं। आरती की शादी को लेकर इस वक्त घर में



खुशियों का माहौल है। हाल ही में आरती की ब्राइडल शावर पार्टी ने हर किसी का ध्यान खींचा। इस पार्टी में आरती के साथ उनकी भाभी कश्मीरा शाह और भाई कृष्णा के अलावा इंडस्ट्री के कई फेमस चेहरे भी नजर आए। इसी बीच आरती ने एक तस्वीर शेयर कर खुद के नर्वस होने की बात कही है। आरती ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक अपनी एक फोटो शेयर की है। इस तस्वीर में मायका एक्ट्रेस नो मेकअप में नजर आ रही हैं और उनकी आंखों नम दिख रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आरती ने कैप्शन में लिखा- 'नई शुरुआत। घबराई हुई और भावुक हूं।' इसके साथ आरती ने नजरबट्टू और हार्ट इमोजी भी शेयर की है।



# 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' का नया टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में एमा कोरिन, मोरेना बेचरिन, रॉब डेलाने, लेस्ली उगम्स, करन सोन और मैथ्यू मैकफेडन अभिनय करते नजर आएंगे। इसका निर्देशन शॉन लेवी ने किया है। वहीं, शॉन लेवी, रेनॉल्ड्स और केविन फाइगी ने फिल्म का निर्माण किया है। 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल का किरदार निभा रहे हैं। डेडपूल को लोग इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि उसके डायलॉग सुनकर मजा आ जाता है। वहीं, ह्यू जैकमैन वुलवरिन की भूमिका में नजर आएंगे। फैंस इन दोनों ही सुपरहीरो को देखने के लिए बेताब है। उनके लिए 26 जुलाई तक का इंतजार करना काफी मुश्किल है। बता दें कि 'डेडपूल' का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था। वहीं, फिल्म का दूसरा भाग साल 2018 में रिलीज हुआ था।

# पाक एक्ट्रेस हानिया को डेट कर रहे बादशाह



**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर सिंगर और रैपर बादशाह अपने बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। वहीं सिंगर इन दिनों लगातार अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते काफी समय से बादशाह का नाम पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ जोड़ा जा रहा है। वह एक्ट्रेस कोई और नहीं पाकिस्तानी की मशहूर अभिनेत्री हानिया आमिर हैं। हाल ही में दोनों को एक बार फिर से साथ में देखा गया है। हानिया ने बादशाह के साथ टाइम स्पेंड करने वाले मोमेंट भी शेयर किए हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं, जिसके बादशाह उनके लिए गाना गाते और दोनों एक दूसरे के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस हानिया आमिर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बादशाह के साथ फोटो शेयर की हैं। उन्होंने लोकेशन में दुबई और कैप्शन में लिखा, 'चंडीगढ़ से रेस्क्यू आया।' इस पोस्ट को बादशाह ने भी इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर किया है।

## काजल पुलिसवाली बनकर करेंगी एनकाउंटर

**मुंबई।** सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म 'इंडियन 2' को लेकर आए दिन नए अपडेट सामने आ रहे हैं। इस फिल्म के जरिए अभिनेत्री काजल अग्रवाल भी लंबे समय के बाद चर्चा में आ गई हैं। वह एक बेटे को जन्म देने के बाद काम पर लौटी हैं। काजल अग्रवाल को मैटरनिटी ब्रेक के बाद पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वह 'इंडियन 2' के अलावा फिल्म 'सत्यभामा' को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है। काजल अग्रवाल के प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह 'सत्यभामा' से धमाकेदार वापसी करेंगी।



## लेटेस्ट लुक ने मचाया तहलका



**मुंबई।** बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से की थी। इस फिल्म के बाद से कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अपने हर अवतार से वह फैंस का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में तारा सुतारिया का लेटेस्ट लुक सामने आया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक हैरान करने वाली फोटो शेयर की है। इस फोटो में एक्ट्रेस अपनी दिलकश अदाओं से फैंस का दिल जीत रही हैं। ना सिर्फ उनकी ये फोटो वायरल हो रही है, बल्कि फैंस ने उनकी तुलना सीधी चांद से कर दी है।

# शादियों में ही नहीं, मौत पर जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं बॉलीवुड स्टार्स

## अनुज साहनी ने बॉलीवुड के डार्क सीक्रेट के बारे में बात की

**मुंबई।** पूर्व बॉलीवुड अभिनेता और स्विस मिलिट्री वर्ल्डवाइड के एमडी अनुज साहनी ने मानव सुबोध के साथ मिलकर बिग स्मॉल टॉक नाओ शो में बॉलीवुड इंडस्ट्री के डार्क सीक्रेट का खुलासा किया है। उन्होंने जो बताया है उसपर यकीन करना काफी मुश्किल है। उनका कहना है कि बॉलीवुड के सितारे केवल पार्टियों, कॉन्सर्ट या शादियों में परफॉर्म करने के ही पैसे नहीं लेते, बल्कि वह अंतिम संस्कार में जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं।

बॉलीवुड सितारे जहां पहुंचे वहां मीडिया खुद ब खुद पहुंच जाती है। फैंस स्टार्स को फिल्मों के अलावा जैसे पार्टियों में, बड़े-बड़े बिजनेसमैन की शादियों में, कॉन्सर्ट आदि में भी देखते हैं। इसके साथ ही अगर कोई मर जाता है तो उनके अंतिम संस्कार या प्रेयर मीट पर भी बॉलीवुड स्टार्स पहुंचते हैं। इसे लेकर अनुज साहनी ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है सितारे इसके लिए मोटी रकम चार्ज करते हैं।



### वीडियो इंटरनेट पर वायरल

इसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल भी हो रहा है। जिसमें अनुज कह रहे हैं,"पता ये लगा कि एक जो बड़े स्टार्स होते हैं उनकी एक इनकम शादियों से होती है। वो शादियों में जाते हैं और डांस करते हैं। एक इनकी इनकम होती है अंतिम संस्कार और तेरहवीं में जाने पर। इस बारे में लोगों को पता ही नहीं होता।"

### शादियों में डांस का चार्ज 3 करोड़

सलमान खान, शाहरुख खान समेत कई बॉलीवुड स्टार्स को अंबानी की पार्टी में परफॉर्म करते हुए देखा जाता है। हालांकि अंबानी के प्रोग्राम में ये स्टार्स फ्री में परफॉर्म करते हैं, लेकिन पार्टियों या बड़ी शादियों में परफॉर्म करने के लिए अच्छी खासी फीस चार्ज करते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान इस तरह के इवेंट्स के लिए 3 करोड़ लेते हैं। दीपिका पादुकोण इवेंट्स में परफॉर्म करने के 1.5 करोड़ चार्ज करती हैं और रणवीर सिंह 1.75 करोड़ लेते हैं। रणबीर कपूर की फीस 1.5 करोड़ है और आलिया भट्ट भी इतना ही चार्ज करती हैं। वरुण धवन 1 करोड़, कटरीना कैफ 50 लाख, सिद्धार्थ मल्होत्रा 50 लाख लेते हैं। वहीं बात अगर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ की करें तो वह 3 लाख रुपये एक परफॉर्मेंस के लेते हैं।

## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में धूमधाम से विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के कैडेटों ने धरती हमारी माता है, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं, मृदा प्रदूषण, वायु प्रदूषण को रोकने संबंधी प्रख्तियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया। सैनिक स्कूल के एनसीसी कैडेटों एवं कर्मचारियों ने धरती बचाओ कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली। रैली स्कूल के मेजर सोमनाथ शर्मा स्टेडियम से प्रारम्भ होकर मेण्ड्राकला तक गयी। कैडेटों ने ग्रामवासियों से धरती बचाने का आग्रह किया। एनसीसी स्टॉफ ने पृथ्वी पर जल के विनाश, वायु प्रदूषण विकार, मृदा प्रदूषण आदि के बारे में कैडेटों और ग्रामीणों को बताया। कैडेटों ने लोगों से धरती की सुरक्षा के लिए स्वच्छता को जरूरी बताया। इस दौरान एनसीसी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### चौपाटी व पुराना बस स्टैंड में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थानों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। जिले के पात्र नागरिक शत प्रतिशत मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, इसके लिए लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज पुराना बस स्टैंड के चौपाटी सेंटर में मतदाता जागरूकता के संदेश वाले पोस्टर ठेले, गुमटियों व दुकानों में लगाये गये। इन पोस्टरों को चौपाटी में स्थित चाट, चाउमीन, दोसा एवं इडली, भेल, बर्गर व लिट्टी चोखा और चाय सेंटर में लगाए गए ताकि मतदाता जागरूकता संदेशों को पढ़ कर ग्राहक अपने मताधिकार का प्रयोग शत प्रतिशत करें।

पति कर रहा था पुलिस को गुमराह, जांच में हुआ खुलासा

# रात में पत्नी के बाहर घूमने पर पति ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

घर के सामने महिला की मौत होने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। महिला गिरने से नहीं बल्कि मारपीट करने से गंभीर हुई थी। मारपीट करने वाला कोई और नहीं बल्कि पति ही निकला जो रात के समय पत्नी के घर के बाहर घूमने से नाराज होकर डंडे से उस पर जान लेवा हमला कर दिया। साथ ही पत्नी की मौत हो जाने पर पुलिस को गुमराह करते हुए गिरने से घायल होने की बात बताई। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**खास बात**

- साक्ष्य छूपाने पत्नी के खून लगे कपड़े को पति ने बदला

पुलिस के मुताबिक पुलिस चौकी वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम बाजरा निवासी राजेश गोंड़ ने चौकी रेवटी में सूचना दिया कि ग्राम पहाड़ करवा निवासी भतीजी यशोदा की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जहां यशोदा के सिर में चोट लगने से लहूलुहान हालत में लाश पडा हुआ था। पुलिस ने जब पति रामचंद्र से पूछताछ की तो उसने घर के बाहर गिरने से सिर में पीछे चोट लगने से मौत हो जाने की बात बताई। साथ ही किसी व्यक्ति द्वारा मारपीट करने से चोट लगने से मौत होने की आशंका जाहिर किया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान चौकी रेवटी पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतिका के पति रामचंद्र को पकड़ पूछताछ की तो रामचंद्र ने पत्नी की हत्या करने की बात कबूल की। रामचंद्र ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल की रात 12 बजे पत्नी यशोदा घूम रही थी और मना करने के बावजूद नहीं मानी जिस कारण से गुस्से में बांस के डंडा से सिर पर हमला कर हत्या कर दिया। सिर से खून निकलने पर यशोदा के वस्त्र में लगने पर उसे निकालकर दूसरा वस्त्र पहना दिया और शव को घर के अंदर कमरे में ले जाकर लिटा दिया। लोगों द्वारा पूछने पर यशोदा को गिरने से सिर में चोट लगने से मृत्यु होना बताया। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने डंडा व वस्त्र जब्त कर धारा 302, 201 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी रामचंद्र गोंड आ. दुहन गोंड (28 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी रेवटी सुमंत पांडेय, एएसआई ज्ञानचंद सिंह, प्रधान आरक्षक शिव राजवाड़े, आरक्षक निर्मल राजवाड़े, बलिन्दर खलखो व अनिल कुमार सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी पति।

### पति के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज

**अम्बिकापुर।** पत्नी के बैंक से राशि नहीं निकालने पर पति द्वारा जानलेवा हमला करने तथा पत्नी की मौत हो जाने पर पुलिस ने पति के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है। गांधीनगर एमजी रोड निवासी सफिरा तिग्गा पति सोनू पंडित (42 वर्ष) को पति ने बैंक से राशि नहीं निकालने पर 14 अप्रैल को पत्नी की जमकर पिटाई कर दिया। मारपीट से महिला अचेत हो गई। पत्नी के बेहोश हो जाने पर पति ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गया। इधर महिला की उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# भोजन की बात को लेकर पति ने पत्नी पर किया जानलेवा हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाने पीने की बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार करंजी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम झुमरपारा निवासी सविता पति बॉबी (25 वर्ष) गत दिन पति-पत्नी के बीच खाने पीने की बात को लेकर आपस में विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से पत्नी मौके पर ही अचेत हो गई। घटना को देख जेठानी ने सविता के भाई भोला राम को फोन कर सविता के साथे देवर द्वारा मारपीट करने तथा सविता के अचेत हो जाने की सूचना फोन से दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा सविता अचेत हालत में लहूलुहान हालत में पड़ी थी। परिजन उसे तत्काल बिश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत है। मृतिका के भाई ने जीजा के द्वारा मारपीट करने से बहन की मौत होने का बयान पुलिस को दिया। वहीं सास मज कुंवर ने पुलिस को बताया कि घर के लोग काम करने बाहर गए थे जबकि बहू व बेटा घर में ही थे और भोजन की बात को लेकर दोनो के बीच विवाद हुआ था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। साथ ही अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेज दिया गया है।



परिजन से पूछताछ करती पुलिस।

### पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम झूमरपारा निवासी 26 वर्षीय युवक ने शराब के नशे में घरेलू विवाद पर पत्नी को इतना मारा की उसकी तबीयत बिगड़ गई। करंजी पुलिस ने मामले में आरोपी पति जय साय उर्फ बॉबी आत्मज मुंशी घसिया 26 वर्ष के खिलाफ धारा 294, 506, 323 का अपराध दर्ज कर मारपीट में गंभीर रूप से आहत हुई पत्नी को इलाज हेतु बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया यहां प्राथमिक उपचार बाद उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सक ने अंबिकापुर रेफर कर दिया,जहां इलाज के दौरान पत्नी की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद कार्यवाही के भय से उसके पति जय साय ने मंगलवार सुबह घर के समीप साल के पेड़ में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर करंजी पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।

### अधेड़ ग्रामीण ने की फांसी लगा की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरवां निवासी रमेश गुप्ता आत्मज लालजी गुप्ता 50 वर्ष ने बीती रात अपने घर के बरामदे में लगे सीट के पाइप में नायलॉन रस्सी के सहारे फांसी लगा खुदकुशी कर ली।बताया गया कि मृतक ने दो शादी की हुई थी,पहली पत्नी व बच्चों से अलग पुश्तैनी घर को छोड़कर परिवार से अलग थलग रहता था,इस दौरान कल उसने अचानक घर में खुदकुशी कर ली।सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया गया है।

### ढाबा के पास सड़क किनारे में मिला शव

**पटना।** क्षेत्र अंतर्गत सड़क किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। जिसकी शिनाख्त नहीं होने पर जांच, पंचनामा व पीएम के बाद पुलिस ने दफना दिया। पटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रनई व तेंदुआ के बीच संचालित शिवानी ढाबा नेशनल हाइवे क्रमांक 43 सड़क किनारे मंगलवार की सुबह 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। पुलिस द्वारा विवेचना में लेकर जांच, पंचनामा तैयार कर शव का पीएम करने के बाद गोबरी डैम के पास दफनाया।

### अलग-अलग घटनाओं में दो बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरे, दो की मौत, दो घायल

**अम्बिकापुर।** बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने की दो अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम सलवारी निवासी जग प्रताप सिंह आ. सुनेश्वर सिंह (24 वर्ष) सोमवार की शाम बाइक से दोस्त राम सागर के साथ ग्राम छिपया से गांव आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम फुल्ही डूमर मुख्य मार्ग पर पहुंच तभी चालक बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किराने गिर गए। दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान जग प्रताप की मौत हो गई जबकि घायल राम सागर का उपचार जारी है। इसी प्रकार दूसरी घटना में विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम रूनियाडीह निवासी लक्ष्मण सिंह आ. तुलसी राम (23 वर्ष) सोमवार को दोनों बाइक से राम मंदिर की ओर जा रहे थे। जैसे की बाइक सवार राम मंदिर मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए जिससे दोनों घायल हो गए। परिजन घायलों को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवकों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां लक्ष्मण की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं घायल राम कुमार का उपचार जारी है। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# संयुक्त टीम ने ग्राम अधौरा में रोका बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, परिजन को दी गई समझाइश

जिले में बाल विवाह के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सफलता मिली है। कलेक्टर के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम ने बाल विवाह रोका है। इसके साथ ही परिजन को बालक-बालिका के बालिग होने पर ही विवाह करने की समझाइस दी है। बता दें कि कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन को जिले के क्षेत्रों में बाल विवाह राकने हेतु उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। 10 मई को होने वाली अक्षय तृतीया के दौरान होने वाले बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए संयुक्त टीम का गठन किया गया है और कलेक्टर के निर्देश पर लगातर बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में टीम को सूचना मिली थी कि विकासखंड के ग्राम अधौरा में बाल विवाह कराया जा रहा है। सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम अधौरा पहुंचकर बालक के माता-पिता एवं सगे संबंधियों को समझाईश देकर बाल विवाह होने से रोका गया। साथ ही वहां उपस्थित लोगों को बताया गया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु-मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है। विवाह हेतु लड़के की उम्र 21 वर्ष तथा लड़की की उम्र 18 वर्ष निर्धारित है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर ऐसी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करता है तो उसे दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रुपए तक हो सकता है।



परिजन को समझाइश देते टीम के सदस्य।

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी**
**जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़**

रा.प्र.क. 202404262100020 अ-21/2023-2024

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम लटोरी तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुमन प्रसाद सिंह आ० आनंद राम जाति गोंड निवासी ग्राम लटोरी तहसील लटोरी जिला सूरजपुर ने अपने खाते की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम लटोरी तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 211/1, 211/2 रकबा 0.20, 0.51 हे0 स्थित है। उक्त भूमि ख0न0 211/1 में से रकबा 0.10 है0 भूमि को अनावेदक श्री चिरंजीलाल आ. नंदलाल सिंह एवं ख0न0 211/2 में से रकबा 0.09 है0 भूमि को अनावेदक क्र. 2 संतोष कुमार सिंह आ० अंकेश्वर सिंह निवासी ग्राम कनकपुर तहसील लटोरी के पास विक्रय करने हेतु सौदा तय किया गया है। आवेदित भूमि शासन से पट्टे पर प्राप्त भूमि है। उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत की है जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसमें कार्यवाही किया जा रहा है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 06-05-2024 को उपस्थित हो कर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**लटोरी**
**जिला-सूरजपुर**

# कलेक्टर ने महिलाओं को दिलाई शत-प्रतिशत मतदान की शपथ



**अम्बिकापुर।** जन शिक्षण संस्थान के सभागार में मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर संदीपन, जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता, स्वीप आईकॉन संजय सुरीला, एम सिद्धीकी, तहसीलदार कमलेश गिरी की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। तहसीलदार कमलेश गिरी की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित महिलाओं को कलेक्टर श्री भोसकर ने शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र का मूलभूत पहलू है जिसे हम सब को मिलकर सफल बनाना है। संजय सुरीला ने कहा कि लोकतंत्री की सबसे पहली शर्त है कि जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों का शासन हो। चुनाव लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। चुनाव सुनिश्चित करता है कि सरकार लोगों की, लोगों के द्वारा और लोगों के लिए है। एम सिद्धीकी ने कहा कि मताधिकार चुनाव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, चुनाव राजनीतिक भागीदारी के लिए एक सुंदर अवसर है। चुनाव ऐसा तरीका है जिससे नए मुद्दों को जनता के सामने उठाया जा सकता है। गिरीश गुप्ता ने कहा कि चुनाव राजनीतिक स्वतंत्रता का प्रतीक है। इसके बिना लोकतंत्र निश्चित रूप से अकार्यात्मक होगा। लोगों को चुनाव के महत्व को समझना चाहिए और बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान अशोक सिंह, प्रीति तिवारी, महिमा तिर्की, अंजुमाला, शुभंकर विश्वास आदि उपस्थित थें।

### मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने अभाविप ने निकाली जागरण यात्रा



**सीतापुर।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु लोगो को जागरूक करने अभाविप ने मतदान जागरण रथयात्रा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत निकली रथयात्रा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के बाद रथ बस स्टैंड पहुंची जहां लोगों को पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री दीपक गुप्ता, नगर मंत्री रितिक गुप्ता, सहमंत्री सोनू सोनी, सपन बख्शी, विमल दास, विशु गुप्ता, तौकीर अंसारी, मयंक सोनी, अंकित, विनीत गुप्ता उपस्थित थे।


TOP IN SURGUJA

दिनांक 27 अप्रैल 2024 शनिवार
डॉ. रवि जायसवाल
MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA
Consultant - Medical Oncology and Hematooncology
24/7 Emergency Services
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में इलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च इलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 28 अप्रैल 2024, रविवार
डॉ. गौरव त्रिपाठी — एमडी, डीएम, कार्डियोलोजिस्ट
डॉ. नरेश देवांगन — MBBS, MS, MCH, NEUROSURGEON (Brain & Spine Surgery) मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भाविक शाह — डी.एन.बी (मेडिसिन) डी.एन.बी (गैस्ट्रो) एम.आर.सीपी.- एस.सी.ई (गैस्ट्रो) पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लेनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता
डॉ. राहुल अहलुवालिया — एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जरी
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्वति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीपः- प्रत्येक माह के द्वतीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विषेशज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S., M.D. DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु।
21 अप्रैल 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरूवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकपुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

## खबर संक्षेप



### कार्मेल स्कूल बास्केटबॉल टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन, अंतर्राष्ट्रीय पटल पर रचा इतिहास

**अम्बिकापुर।** कार्मेल स्कूल की 16 छात्राओं ने इंडो नेपाल इनविटेशन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप के बास्केटबॉल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया है। खेल एवं शिक्षा परिषद् के सहयोग से प्रतियोगिता 17 से 20 अप्रैल तक नेपाल में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता में कार्मेल स्कूल की 16 छात्राएं जेसिका केरकेट्टा, एंजेल लकड़ा, वैष्णवी गुप्ता, अंकिता इवेंजलीन मिंज, साधना मिंज, सानवी तिर्की, ऐश्वर्या अग्रवाल, प्राशी कुजूर, प्रतिभा कुजूर, हिमांशी खाखा, अदिति अग्रवाल, शेर्रिन तिर्की, नूतन बरवा, सिफा शारोन लकड़ा, तनीषा सिंह और इकरा खान ने भागीदारी की थी। छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। प्रधानाचार्य ने खेल शिक्षिका और ऑफिशियल कोच सुश्री मरियम एडगी के प्रयासों की सराहना की और उन्हें चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### ओपीएस की सिमरन एवं आदित्य बने राज्य कुडो चैम्पियन

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं की छात्रा सिमरन कुजूर ने छत्तीसगढ़ राज्य कुडो स्पर्धा में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए





बालिका वर्ग के 15 वर्ष आयु के 54 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है तथा कक्षा 8वीं के विद्यार्थी आदित्य मुंडा ने 13 वर्ष आयु के 45 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर राज्य कुडो चैम्पियन बने हैं। जिला कुडो संघ एवं छत्तीसगढ़ कुडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में 20 एवं 21 अप्रैल को द्वतीय छत्तीसगढ़ कोरबा स्थित सिटी सेंटर मॉल में विस नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के आतिथ्य में आयोजित स्पर्धा में पूरे राज्य से चयनित 200 खिलाड़ियों ने भागीदारी की थी। सिमरन कुजूर एवं आदित्य मुंडा की उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### एम पावर इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में एसआरवीएम बनी विजेता



**सूरजपुर।** नगर के साधु राम विद्या मंदिर ने एम पावर द्वारा आयोजित अंडर 17 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में शानदार जीत हासिल की है। ज्ञात हो कि 21 एवं 22 अप्रैल को छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, एवं उड़ीसा के एम पावर.के अंतर्गत संचालित स्कूलों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में सूरजपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में दिल्ली पब्लिक स्कूल, छिंदवाड़ा को हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 6 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 104 रन बनाया। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीपीएस छिंदवाड़ा की टीम न 6 विकेट खोकर 99 रन ही बना सकी। स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए दक्ष प्रसाद को मैन ऑफ द सीरीज एवं दिव्यांश बंसल को बेस्ट ऑलराउंडर का खिताब से नवाजा गया। स्पर्धा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डीपीएस छिंदवाड़ा के प्राचार्य हबीब खान उपस्थित रहे । सूरजपुर टीम के कोच सुरेश कुमार एवं पूरी टीम ने मुख्य अतिथि के हाथों विजेता ट्रॉफी प्राप्त किया।

## पूरे दिन चलते रहे धार्मिक अनुष्ठान, गूंजता रहा हनुमान चालीसा

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में संकट मोचन की हुई विशेष पूजा-आराधना



लमगांव हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।



प्राचीन हनुमान मंदिर में भण्डारा का प्रसाद लेते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पौराणिक मान्यता के अनुसार चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के दिन मंगलवार को श्रद्धापूर्वक भगवान हनुमान का प्रकटोत्सव मनाया गया। सुबह 4 बजे संकट मोचन के जन्मोत्सव पर शंख एवं घंटा-घड़ियाल बजाकर उनकी आरती की गई। उपस्थित लोगों ने संकट मोचन की विशेष पूजा की। इस दौरान पूरे दिन मंदिरों में अखण्ड रामायण, हनुमान चालीसा, सुंदर काण्ड के पाठ सहित विभिन्न अनुष्ठान चलते रहे। पौराणिक मान्यता है कि चैत्रशुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मंगलवार के दिन संकट मोचन ने जन्म लिया था। इस बार मंगलवार के दिन संकट मोचन का जन्मोत्सव होने के कारण श्रद्धालुओं में भारी उत्साह था। सुबह 4 बजे ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई थी। स्कूल रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में विधि-विधान से विशेष पूजन, आरती व हवन कर जन्मोत्सव मनाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर जीवन की विघ्न बाधाओं से मुक्ति की प्रार्थना की। इसी तरह नगर के डीसी रोड, शंकर घाट, दर्रीपारा, गोधनपुर, गांधीनगर, मायापुर सहित अन्य मंदिरों में पूरे दिन श्रद्धालु संकट मोचन की पूजा अराधना में लीन रहे। मान्यता है कि मंगलवार को संकटमोचन की पूजा करने से सारी विघ्न-बाधाओं से मुक्ति मिलती है। संयोग से इस बार जन्मोत्सव मंगलवार को विशेष योग मे होने के कारण श्रद्धालु पूरे दिन पूजा-पाठ करते रहे। जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार से चल रहे राम चरित मानस के अखण्ड पाठ का समापन किया गया। देर रात अखण्ड रामायण पाठ के समापन उपरांत हवन व भगवान हनुमान की आरती की गई।

**खास बात**

- हनुमान चालीसा अखण्ड भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

### लमगांव मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का ताता

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत लमगांव स्थित स्वयंभू हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव पर भगवान कपीश की पूजा करने दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु पहुंचे थे। सुबह जन्मोत्सव पर पुजारी विद्यासागर की पूजा उपरांत श्रद्धालुओं ने जयकारा लगाकर विघ्न विनाशक की आरती उतारी एवं सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ कर सुखी जीवन की कामना की। इस दौरान सुबह 4 बजे से देर रात तक मंदिर में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान को लड्डू फल व भूंजा चना अर्पित कर विघ्नों से मुक्ति की प्रार्थना की।

#### देर रात तक चला अखण्ड भंडारा

हनुमान जयंती पर मंदिरों में अखण्ड भंडारे का आयोजन किया गया। स्कूल रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में भोग लगाने के बाद सुबह 7.30 बजे भंडारा प्रारम्भ किया गया जो देर रात तक चलता रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं ने पुड़ी-सब्जी व मिष्ठान का स्वाद लिया। भंडारे में 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालु पूरे दिन प्रसाद ग्रहण करते रहे। लमगांव स्थित स्वयंभू हनुमान मंदिर में अखण्ड भंडारे का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा।

### निकली विशाल शोभा यात्रा



**लखनपुर।** चैत्र पुर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगरवासियों ने विशाला शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। शोभा यात्रा ठाकुरबाड़ी से निकली तथा मुख्य मार्ग से होते हुए शिव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल महिलाओं व बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते शिवमंदिर पहुंचे। शैलानृत्य शोभायात्रा में आकर्षण का केन्द्र रहा। शोभा यात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को जलपान कराया।

### हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना



**बिश्रामपुर।** नगर के बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव में मंगलवार को विविध अनुष्ठान संपन्न कराए गए। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। गौरतलब है कि मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 22 अप्रैल सोमवार को श्री अखंड रामायण पाठ प्रातः 10 बजे से प्रारंभ किया गया था, जिसकी मंगलवार को पूर्णाहुति की गई। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान जी का सहस्त्रार्चन पूजन, अभिषेक के अलावा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। शाम को महाआरती के बाद बजरंग बली को लड्डू का भोग लगाया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। इसी तरह आरटीआई कालोनी में स्थित हनुमान मंदिर में भी प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थी। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चिन्तामणि महाराज भी अपने समर्थकों के साथ हनुमान मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की।

### नगर में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव



**सीतापुर।** नगर में हनुमान जयंती बड़े धूमधाम एवं भक्तिभाव से मनाई गई। इस दौरान हनुमान वाटिका समेत नगर में जगह जगह अखंड रामायण समेत हनुमान जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए थे। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव से भगवान हनुमान की आराधना में लीन नजर आ रहे थे। इस अवसर पर हनुमान वाटिका में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था जहां भारी संख्या में शामिल होकर भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### रोटी बैंक ने अस्पताल में किया फल वितरण



**अम्बिकापुर।** महिलाओं की समाज सेवी संस्था रोटी बैंक द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर राहगीरो को शीतल जल और मेडिकल कालेज अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरीत किया गया। रोटी बैंक संयोजक सीमा सोनी के अगुवाई में महिलाओ ने हनुमान मंदिर के बाहर शीतल जल, गुड़ और चना का प्रसाद वितरण किया। अस्पताल के रोटी बैंक शेड में मरीजो और उनके परिजनों को केला, अंगूर, गुड़, चना और ठंडा पानी प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि रोटी बैंक की महिलाओ द्वारा नियमित रूप से मेडिकल कालेज अस्पताल में मरीजो उनके परिजनों और जरूरतमंदों को रोटी सब्जी का वितरण किया जाता है। रोटी बैंक से जुड़ी करीब सौ से ज्यादा महिलाएं अपने घरों से रोटी बनाकर लाती है जिसे वितरित किया जाता है। इस आयोजन पूजा शर्मा, सरोज सिंह, गीता प्रजापति, मोना रॉय, सरला राय, प्रतिभा सिंह, पूनम कुशवाहा, उषा शर्मा, सोनिका शर्मा, कंचन श्रीवास्तव, आशा विश्वकर्मा, शकीला परवीन,स्वाति श्रीवास्तव,अनामिका श्रीवास्तव सहित अन्य महिलाओं ने योगदान दिया।

## लाखों की ठगी करने के मामले में दुर्ग पुलिस पहुंची बिश्रामपुर, दो युवकों को हिरासत में लेकर की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कई लाख रूपये की ठगी करने मामले में जांच के लिए दुर्ग की सुपेला थाना पुलिस बिश्रामपुर पहुंची है।बताया गया कि दुर्ग में लाखों की ठगी की वारदात को अंजाम देकर कुछ युवक सरगुजा में छिपे हुए हैं जिनकी दुर्ग पुलिस को तलाश थी।मंगलवार को दुर्ग जिले की सुपेला थाना पुलिस आरोपी के लोकेशन के आधार पर बिश्रामपुर थाना पहुंची और कॉलोनी में रह रहे युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने हेतु लोकल पुलिस से सहयोग मांगा और फिर कुछ देर बाद बिश्रामपुर पुलिस के सहयोग से 25 वर्षीय युवक कालीघाट समीप निवासी मनीष समद्दार को पकड़कर उसकी निशानदेही पर एक अन्य सहयोगी को हिरासत में लेते हुए पूछताछ हेतु अपने साथ ले गई है।बताया गया कि ठगी के मामले में आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार थे जिसकी पुलिस को तलाश थी।सुपेला थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर अमित अंदानी के नेतृत्व में चार जवानों को लेकर मंगलवार की सुबह बिश्रामपुर पहुंचे थे।पुलिसिया पूछताछ में हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से क्या कुछ बरामद हुआ या क्या जानकारी निकल कर सामने आई है देर शाम समाचार लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हुआ।

### साढ़े पांच हजार की व्हिस्की के साथ युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में लगभग साढ़े आठ लीटर अंग्रेजी शराब व्हिस्की के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लेकर ग्राहक की तलाश में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने डिगमा रोड में घेराबंदी कर सवार युवक को पकड़ा। युवक के पास मौजूद पिट्ठू बैग की जांच करने पर कुल 8 लीटर 460 मिलीलीटर व्हिस्की बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में महामाया पारा निवासी 27 वर्षीय मनीष कुमार नागेश को हिरासत में लिया है। जब्त शराब की कीमत 5 हजार 640 रुपए रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर शराब व तस्करी में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, सउनि निर्मला कश्यप, आरक्षक अतुल सिंह, बृजेश राय, अनिल सिंह, मनीष सिंह, रामजी खलखो शामिल रहे।











